यूपी डिफेंस कॉरिडोर का बढ़ेगा रुतबा

लखनऊ, कानपुर व अलीगढ़ में बढ़ेंगी रक्षा उत्पादों के कलपुर्जे बनाने वाली इकाइयां

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। केंद्र सरकार ने इस बार रक्षा बजट में बड़ा इजाफा किया है। इसे 11.1 फीसदी बढ़ाया गया है। बजट में डिफेंस सेक्टर के लिए 6.2 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह पिछले रक्षा बजट की तुलना में 0.27 लाख करोड़ रुपये अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका सीधा असर प्रदेश के डिफेंस सेक्टर पर पड़ेगा। कम से कम 3000 करोड़ रुपये का नया निवेश यूपी डिफेंस कॉरिडोर के विभिन्न नोड में आएगा।

रक्षा क्षेत्र में दस वर्ष में भारत ने तेजी से तरक्की की है। वर्ष 2014 के मुकाबले भारत के रक्षा निर्यात में 10 गुना की वृद्धि हुई है। वर्तमान में 85 देशों में हथियार निर्यात किया जा रहा है।

इसमें निजी सेक्टर का बड़ा योगदान है। हथियारों की मद में की गई बजट बढ़ोतरी से यूपी को बड़ा फायदा मिलेगा।

रक्षा विशेषज्ञ एके मिश्र के मुताबिक यूपी में अडानी डिफेंस, पीटीसी, एमकेयू, बीडीएल व ब्रह्मोस के अलावा कम से कम 16 बड़े समूह निवेश कर चुके हैं और कुछ करने की तैयारी में हैं। इस फैसले से नॉन कोर (गैर हथियार) और कोर (हथियार व गोला बारूद) दोनों ही सेक्टर में छोटी इकाइयों का प्रवेश होगा। इन इकाइयों के जरिये 3000 करोड़ का निवेश यूपी में होगा। इसमें सबसे ज्यादा संख्या रक्षा उत्पादों के कलपुर्जे बनाने वाली इकाइयों की होगी। खासतौर पर लखनऊ, कानपुर और अलीगढ़ में इनकी संख्या सबसे तेजी से बढ़ेगी।

डिफेंस सेक्टर में असर डालेंगी ये डील

- हथियारों में इस्तेमाल होने वाले 928 उपकरणों भारत में बनाए जाएंगे
- भारत व अमेरिका मिलकर लड़ाकू बख्तरबंद वाहन स्ट्राइकर बनाएंगे
- अमेरिका की जीई एयरोस्पेस और एचएएल के बीच फाइटर प्लेन के इंजन बनाने का समझौता

3000 करोड़ का नया निवेश आएगा

रक्षा बजट में वृद्धि का असर पूरी इंडस्ट्री पर होगा। यूपी में डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड हैं और रक्षा उत्पादों के उत्पादन के लिहाज से एक बड़ा हब है। बजट बढ़ने से डिमांड बढ़ेगी और नई इकाइयों का प्रवेश यूपी में होगा। **-सचिन अग्रवाल,** निदेशक, पीटीसी इंडस्ट्रीज

डिफेंस सेक्टर में भारत को आत्मनिर्भर बनाना पीएम मोदी का लक्ष्य है। इसके तहत पिछले पांच साल में डिफेंस में मेक इन इंडिया ने लगभग 300 फीसदी की ग्रोथ की है। कोर और नॉन कोर उत्पादों में भी निजी सेक्टर की इकाइयों खोलने का असर यूपी में जबर्दस्त दिखाई दिया है। **-मनोज गुप्ता,** चेयरमैन, एमकेयू डिफेंस